राज्यपाल सचिवालय
राजभवन,जयपुर

राज्यपाल से मनोनीत मुख्य न्यायाधीश मिले

–

जयपुर, 05 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से शनिवार को सांय यहां राजभवन में राजस्थान उच्च न्यायालय के मनोनीत मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री इन्द्रजीत माहान्ती ने मुलाकात की।

राज्यपाल श्री मिश्र से श्री माहान्ती की यह शिष्टाचार भेंट थी। श्री माहान्ती रविवार को प्रातः 11 बजे राजभवन में मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ लेंगे। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र श्री माहान्ती को शपथ दिलायेंगे।

राज्यपाल को पुस्तक भेंट – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से शनिवार को यहां राजभवन में राजस्थान आवासन मण्डल के पूर्व अध्यक्ष श्री सत्यनारायण गुप्ता मिले। श्री गुप्ता ने राज्यपाल श्री मिश्र को अपनी प्रकाशित पुस्तक भेंट की। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र को डॉ. रूपराज भारद्वाज ने अपने पिता स्व. श्री द्वारकेश भारद्वाज द्वारा लिखी गई पुस्तक ‘बचपन’ की प्रति भेंट की।

राज्यपाल से लोग मिले – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से शनिवार को यहां राजभवन में क्षेत्रीय लोक सम्पर्क ब्यूरो की अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमती प्रज्ञा पालीवाल व निदेशक श्रीमती रितु शुक्ला, उत्तर पश्चिम रेल्वे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री अभय शर्मा व दी बार एसोसियेशन, जयपुर के महासचिव श्री सतीश शर्मा ने मुलाकात की। राज्यपाल से पं. सुरेश मिश्रा, श्री ओ.पी. महिन्द्रा और सोहन लाल ताम्बी भी मिले।

– – –

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल